RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 15.4.2023
Page No. 4, Size:(18.00)cms X (7.42)cms.

508 किलोमीटर के रूट में से महाराष्ट्र में आता है 156 किलोमीटर का हिस्सा, 12 अप्रेल को खोली थी निविदा

'बुलेट ट्रेन' ने पकड़ी स्पीड: दो पड़ाव पूरे, तीसरा पैकेज,4

ठाणे, विरार और बोईसर एचएसआर स्टेशनों के निर्माण कार्य के लिए चार कंपनियों ने लगाई बोली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. बुलेट ट्रेन परियोजना को तय समय में पूरा करने के लिए अब त्वरित फैसले किए जा रहे हैं। दो पैकेज सी-1 और सी-2 को पूरा करने के बाद बुधवार को नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन ने अब आखिरी पैकेज सी-3 का भी काम आगे बढ़ा दिया है। इसके लिए 4 कंपनियों ने बोली लगाई हैं। पैकेज सी-3 में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए ठाणे, विरार और बोईसर एचएसआर स्टेशनों सहित महाराष्ट्र-गुजरात सीमा पर शिलफाटा और जरोली के बीच 135 किमी रूट के डिजाइन और निर्माण कार्य शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा था कि हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का काम गुजरात में 32.9 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 13.7 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा था कि मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन 2026 में किया जाएगा। अब पिछले 25 दिनों में महाराष्ट्र के हिस्से वाले प्रोजेक्ट के तीनों पैकेज का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

तीन पैकेज में बांटा गया है महाराष्ट्र का रूट

बुलेट ट्रेन के कुल रूट की लंबाई 508 किमी है। इसमें 156 किमी हिस्सा महाराष्ट्र में पड़ता है। गुजरात में 348 किमी और दादरा-नागर हवेली में 4 किमी शामिल है। महाराष्ट्र के 156 किमी रूट का काम तीन पैकेज में बांटा गया है। सी-1 के तहत बीकेसी में अंडरग्राउंड स्टेशन का निर्माण है, जिसका टेंडर हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी और मैसर्स एमईआइएल को दिया गया है। इसे पूरा होने में 54 महीने लगेंगे। सी-2 पैकेज के तहत शिलफाटा और विक्रोली के बीच 21 किमी की दूरी वाली सुरंग की खुदाई का काम है, जिसका टेंडर एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लि. को दिया है। जबकि पैकेज सी-3 के तहत मुंबई-अहमदाबाद ठाणे, विरार और बोईसर स्टेशनों सहित शिलफाटा और जरोली के बीच 135 किमी का सिविल, डिजाइन और निर्माण कार्य शामिल है। इसके लिए 4 कंपनियों ने बोली लगाई है।

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन ने पैकेज सी-3 की निविदाएं 12 अप्रेल को खोली थी। इसके लिए 4 कंपनियों ने दावेदारी पेश की। इसमें लार्सन एंड टुब्रो, एनसीसी-जे. कुमार (जेवी), एफकॉन्स-केपीटीएल कंसोर्टियम और दिनेश चंद्र -डीएमआरसी जेवी शामिल हैं।